# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मोहाना कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- सिकरी बखरिया मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 13.07.2026 को थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना मोहाना कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सिकरी बखरिया मे कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

1.उ0नि0 विजय प्रताप यादव

2.हे0का0आत्मानंद नायक

3.का0 विजय

4.म0का0अंजू वर्मा

5.म0का0काजल अग्रहरि

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना भवानीगंज कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- भड़रिया मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में व उ0नि0 राजेंद्र प्रसाद सिंह प्रभारी थाना भावानीगंज के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13.07.2026 को थाना भवानीगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भड़रिया में जाकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक कुल 08 बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।

इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर**

1.उ0नि0 नेबू लाल

2.का0रवि जायसवाल

3.कां0 राजमणि

4.रि0म0आ0 कालिंदी मौर्या

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 13.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 03 भूमि विवाद, 03 मारपीट व शेष 11 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी वाछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम मे अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व बृजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं के कुशल निर्देशन मे एवं उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद, प्रभारी थाना भवानीगंज के कुशल नेतृत्व में थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 13.07.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 88/2026 धारा 137(2),87,65(1) बीएनएस व ¾ पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त को भवानीगंज पीएचसी के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.ऐशराज मौर्या उर्फ यशराज पुत्र चैतू मौर्या निवासी बयारा थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 रामशब्द यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

2.हे0का0 जितेन्द्र सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना शोहरतगढ पुलिस द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोप मे वाछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के कुशल निर्देशन मे प्र0नि0 नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के नेृतत्व मे आज दिनांक 13.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 140/26 धारा 137(2),87,64(2)M,बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को यार्ड क्षेत्र रेलवे स्टेशन कस्बा शोहरतगढ के पास गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा जा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.अभियुक्त करन कुमार पुत्र महेन्द्र सा0दत्तपुर थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 राजकुमार यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
02.हे0का0 अविनाश सिंह थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
03.का0चन्दन पाल थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना चिल्हिया कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम टेकनार बुजुर्ग में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत डॉ. अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक राजेश गुप्ता की नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत आज दिनांक 13.07.2026 को थाना चिल्हिया कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम टेकनार में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना चिल्हिया-**

01-उ0नि0 सुधाकर राय

02-का0 पंकज वर्मा

03-म0का0 शालू।

## प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मधवापुर खुर्द में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक इटवा के कुशल नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग युनिट टीम द्वारा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13.07.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम मधवापुर खुर्द में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

## प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना गोल्हौरा कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम रमवापुर कली में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण रामदेव थानाध्यक्ष गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत आज 13.07.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम मनखोरिया में जनसंवाद एवम गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिको के साथ बैठकर उनकी समस्याओ एव कुशलक्षेम के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की गयी उपस्थित ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि उन्हे वृद्धावस्था  पेशन का लाभ नियमित रूप से मिल रहा है और किसी प्रकार की अन्य कोई समस्या नही प्रकट किये उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

01.मु0आ0  कपिलदेव बौद्ध थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आ0 मनीष यादव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना डुमरियागंज कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम डुमरियागंज में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज श्रीप्रकाश यादव नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13.07.2026 को थाना डुमरियागंज ग्राम डुमरियागंज में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया,गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भटिया बाजार में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 13.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भटिया बाजार में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

1.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय
2.हे0का0 शैलेन्द्र गिरि
3.म0का0 प्रिया सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम रमवापुर के लार्ड बुद्धा विद्या मन्दिर की बालिकाओ को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 13.07.2026 को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे थानाक्षेत्र के ग्राम रमवापुर के लार्ड बुद्धा विद्या मान्दिर की बालिकाओं को एकत्रित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम खजुरिया शर्की की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.07.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरिया शर्की की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना खेसरहा मिशन टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान के तहत थानाक्षेत्र के ग्राम बनकटा में बालिकाओं व महिलाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 13.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय बांसी शुबेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के निर्देशन में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा में महिलाये व बलिकाए उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए। उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन, 108-एंबुलेंस सेवा 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098- चाइल्ड हेल्पलाइन102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम नवाडीह की महिलाओं/ बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम नवाडीह की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम छतहरी की महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी ग यी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 13.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम छतहरी की महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.हे0का0 अविनाश सिंह

02.म0का0 उर्मिला देवी

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम वीरवापुर की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 13.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पविन प्रकाश के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम वीरवापुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर में महिलाओं को एकत्रित कर के महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबरो 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई की जानकारी।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजेंद्र शाही

02.म0आ0 रंजना कोरी

03.म0आ0 साधना यादव

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए पति-पत्नी मे हुए पारिवारिक विवाद को सुलझाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विवाहित जोड़े को सकुशल उनके घर भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर क्रम मे एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेद्वी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 13.07.2026 को आवेदिका श्रीमती अनीता पत्नी राजेश ग्राम कठेला शर्की टोला धंगरहवां थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा शिकायत किया गया था कि आवेदिका व उनके पति के बीच पारिवारिक बातों को लेकर कुछ कहा-सुनी हुआ था जिससे पति पत्नी के मध्य मनमुटाव हो गया था उभय पक्षों की मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की गई (पति-पत्नी) को उनके आपसी रिश्ते, बच्चों के प्रति दायित्वों व पारिवारिक कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया गया जिससे कि पुनः दोनो (पति-पत्नी) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए। अब दोनों पक्षों के मध्य कोई विवाद नही है विवाहित जोड़े (पति-पत्नी) को सकुशल एक साथ राजी-खुशी घर भेज दिया गया। उक्त पुलिस कार्यवाही की आम जनमानस द्वारा सरहाना की गयी।

**मिशन शक्ति केन्द्र टीम का विवरणः-**

01.उ0नि0 शिवशंकर शर्मा
02.म0का0करिश्मा
03.रि0म0का0 शिमलू

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना गोल्हौरा पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को ₹50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 13.07.2026 को वाद सं0-180/2026 मु0अ0सं0-16/2026 धारा 137(2),87,64(2) BNS व 5/6 पाक्सो एक्ट थाना गोल्हौरा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार, न्यायालय एएसजे/एसपीएल/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त मंजीत चौहान पुत्र पृथ्वीलाल निवासी लोनियनपुरवा लौकाही थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹50.000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मुकेश कुमार प्रजापति थाना गोल्हौरा का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मिश्रौलिया साइबर सेल टीम द्वारा शिकायतकर्ता के खाते से AEPS के माध्यम से हुए साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹5200/- को शिकायतकर्ता के खाते में कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक 16.03.2026 को आवेदक रामलाल पुत्र जढई साकिन गौरड़ीह थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें का शिकायत किया गया था। जिस पर थाना मिश्रौलिया साइबर सेल टीम व बैंक के समन्वय से आवेदक रामलाल उपरोक्त के फ्राड धनराशि ₹5200/- रुपये को पीड़ित के खाता में वापस कराया गया।

**थाना मिश्रौलिया साइबर टीम का विवरण---**

01.श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0 श्याम कन्हैया दूबे साइबर प्रभारी थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।
03.क0आ0 संतोष कुमार सिंह साइबर सेल थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।
04.का0 आशुतोष सिंह, आकाश कुमार साइबर सेल थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मोहाना पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व प्रत्येक को ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 13.07.2026 को वाद सं0-08/2015 मु0अ0सं0-1016/2014 धारा 302 भादवि थाना मोहाना में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफी, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त इस्तियाक पुत्र हासिम निवासी रोहूडिला टोला फरदहनी थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को आजीवन कारावास व ₹10.000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक चन्द्रप्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी पूरन कुमार यादव थाना मोहाना का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा गुमशुदा महिला को तलाश कर उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान व गुमशुदा बरामदगी" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में मिथिलेश कुमार राय प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा गुमशुदा महिला जो अपने घर से बिना बताये दिन में कहीं चली गयी है जिसकी सूचना उनके द्वारा थाना सिद्धार्थनगर पर दिया गया जिसपर थाना स्थानीय पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर उनके परिजनो को सुपुर्द किया गया। थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की परिजनो द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामद करने वाली पुलिस टीम का विवरण -**

01.हे0का विवेक गुप्ता थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
02.आरक्षी अर्जुन यादव, शुभम रावत थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
03.रि0म0का चांदनी जयसवाल थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 03 आरोपियो को न्यायालय उठने तक व कुल ₹4500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 13.07.2026 को वाद सं0-2543/2002 मु0अ0सं0-128/2002 धारा 323,504,506 भादवि थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री आदेश कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय एसीजे जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.पुजारी पुत्र अवधू गिरी 02.सोमई पुत्र पुजारी गिरी 03.ध्रुवचन्द्र पुत्र श्रीराम गिरी निवासीगण हरनी खुर्द ताना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक व कुल ₹45,00/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆प्रभारी निरीक्षक व सीसी टीम उसका बाजार द्वारा आमजन को हेलमेट वितरण कर यातायात सुरक्षा अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एक्सीडेंट होने से बचाव की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 13/07/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौरयान तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार तिवारी द्वारा सीसी टीम प्रभारी के साथ थाना उसका बाजार में आमजन को हेलमेट वितरण किया गया। एक्सीडेंट से बचाव का कारण बताया गया सरकार के द्वारा चलाए जा रहा है विभिन्न यातायात सुरक्षा अधिनियम के बारे में लोगों को बताया गया व जागरूक किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 13.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 13.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।